हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 19 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 समस्याओं का निर्धारित समय में समाधान करें अधिकारी



10 400 मीटर में कुरुक्षेत्र, 600 में जींद अव्वल



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** गांव बराह कलां के निकट सड़क हादसे घायल हुए व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव निडानी निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत सात अगस्त को उसका भाई अनिल (40) बाइक पर सवार होकर गांव की तरफ आ रहा था।

### कैथलः सड़क हादसे में एक युवक की जान गई

**कैथल।** गांव देवबन में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस में शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौंप दिया। जाखोली के धर्मवीर सिंह ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 को जब उसका भतीजा बूटा सिंह देवबन के निकट से जा रहा था तो रोड रोलर की चपेट में आने से वह बुरी तरह से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां पर दम तोड़ दिया।

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी

**जींद।** गांव करसिंधु में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना व चांदी के जेवरात, नगदी तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव करसिंधु निवासी कमला ने पुलिस को शिकायत दी है।

### मारपीट में एक व्यक्ति घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** कस्बा कलायत में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। कपिल मुनि रोड कलायत के अनुकूल ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वह 15 अगस्त को अपनी दुकान के सामने बैठा था तो कस्बा के मोनू, सोनू, अभी, विनय, वित्तू और हिमांशु ने मिलकर उसे पर मारपीट करते घायल कर दिया।

### पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन पच्चीस को

**जींद।** राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए 25 अगस्त को ब्लॉक स्तरीय पर्यावरण विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में राजकीय स्कूलों के 9वीं से 12वीं कक्षा तक विद्यार्थी भाग लेंगे और विद्यार्थी सोलर, हवा या पानी से ऊर्जा का दोबारा प्रयोग, पर्यावरण प्रदूषण, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रबंधन के उपाय, सोलीड वेस्ट मैटेरियल मैनेजमेंट जैसे विषयों पर प्रदर्शनी को प्रदर्शित करेंगे।

### बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक 20 को

कैथल। उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक 20 अगस्त को यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होगी। जिसकी अध्यक्षता उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम पंचकूला के अध्यक्ष करेंगे।

### गिरफतारी की मांग को लेकर निकाला रोष मार्च

**अलेवा।** भिवानी में मनीषा हत्याकांड में दोषियों की गिरफतारी की मांग को लेकर सोमवार शाम को नगूरां गांव के युवाओं ने गांव के चारों तरफ रोष मार्च निकाला। रोष मार्च निकाल रहे युवाओं ने बताया कि भिवानी जिले में मनीषा की बेरहमी से हत्या कर दी गई, लेकिन पुलिस हत्यारों को नहीं पकड़ पाई।

### चोरों ने मकान से लाखों के जेवरात चुराए

**कैथल।** कस्बा चीका से चोर एक मकान में घुसकर वहां पर रखें लाखों रुपये के सोने व चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए। चीका की ज्योति ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ 10 को काम घर से बाहर गए थे। 17 को वापस आए तो उन्होंने देखा कि उनके मकान का ताला टूटा हुआ था।

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य : ढांडा

## बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ हुनरबंद करने की योजना पर चल रहा कार्य : शिक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है, जहां पर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है। प्रदेश में जहां बच्चों के सर्वांगिंण विकास हेतू बेहतर शिक्षा दी जा रही है वहीं उन्हें शिक्षित करने के साथ-साथ हुनरबंद करने की योजनाएं भी तैयार की जा रही है ताकि हमारे बच्चों में कौशल हो और वे अपने हुनर की बदौलत अपने पैरों पर खड़े होकर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर सकें। किसानों की सुविधा के लिए किसान समृद्धि केंद्र खोले जाएंगे। जिससे उन्हें कृषि कार्यों में मदद मिल सकेगी। सरकार के एजेंडे में किसान हित सर्वोपरि है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा सोमवार को गांव संगतपूरा की सामान्य चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने गांव में ई-लाईब्रेरी खोलने की घोषणा की साथ ही कहा कि अगर तयमापदंड होते है तो सरकारी स्कूल को पीएम श्री स्कूल का दर्जा दे दिया जाएगा। इसके साथ-साथ उन्होंने ग्रामीणों की सामुदायिक भवन की मांग पर कहा कि इसकी फिजिब्लिटी चैक करवा कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी चाहिए बेटों के साथ-साथ बेटियों को भी बराबर का दर्जा देकर उन्हें आगे बढने के अवसर प्रदान करने चाहिए। हम सभी को अपने बुजुर्गों का पूरा मान-सम्मान करना चाहिए और उनके अनुभव का लाभ लेकर जीवन में आगे बढना चाहिए। हम सभी को एक सभ्य समाज की स्थापना में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश में सरकार द्वारा किसानों के हितों में जनकल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। किसान क्रेडिट कार्ड किसानों के बनाए गए हैं। जिसमें आर्थिक रूप से सहायता दी जा रही है। किसानों की समृद्धि के लिए अनेकों योजनाएं निरंतर लागू की जा रही हैं। प्रदेश में किसानों की फसल एमएसपी पर खरीद कर उनकी फसल का भुगतान समयबद्ध सीधा खातों में डाला जा रहा है। किसानों की बदौलत ही देश के भंडार भरे हुए हैं। वर्तमान परिवेश में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक अपनानी चाहिए। जिससे उनकी आय में बढ़ोत्तरी होगी। किसानों का सम्मान रखते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से छह हजार रुपये वार्षिक की सहायता सरकार द्वारा दी जा रही है। वर्तमान सरकार ऐसी पहली सरकार है जो जनता के सुझाव लेकर काम करती है।



**जींद।** संगतपुरा में ग्रामीणों को संबोधित करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

### पुष्पवर्षा से किया भव्य स्वागत

शिक्षा मंत्री को ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से पुष्पवर्षा करते हुए सभा स्थल तक लाए और स्मृति चिन्ह, पगड़ी आदि भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। शिक्षा मंत्री के गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, पूर्व मंत्री सुरेंद्र बरवाला, डा. विजेंद्र ढांडा, सुनील ढांडा, समाजसेवी देवव्रत ढांडा, डा. राज सैनी, धूप सिंह, राजेन्द्र सिंह, दिलबाग ढांडा, कुलदीप रंधावा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**राजौंद।** विधायक सतपाल जांबा को ज्ञापन सौपतें हुए। *फोटो :हरिभूमि*

# जिओ फेसिंग लोकेशन के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

स्वास्थ्य विभाग में जिओ फेसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के आदेश को अव्यवहारिक और असंवैधानिक बताते हुए आज विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ताल मेल कमेटी ने विधायक सतपाल जांबा को ज्ञापन सौंपा गया। कमेटी ने विधायक से मांग की की वह इस आदेश को सरकार तक पहुंचाएं और आगामी विधानसभा स्तर में भी इस मुदे को उठाएं। विधायक ने आश्वासन दिया कि वह इस विषय पर मुख्यमंत्री से बात करेंगे और किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। मिनिस्ट्री एसोसिएशन के राज्य प्रधान अमित बुरा ने बताया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी पहले से ही बायोमेट्रिक स्थिति दर्ज कर रहे हैं तो जिओ फेसिंग की क्या जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह आदेश अव्यवहारिक, गैरकानूनी और संविधान में वर्णित निजता का अधिकार का उल्लंघन है, यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के भी खिलाफ है। 8 जुलाई को राज्य ताल मेल कमेटी द्वारा स्वास्थ्य मंत्री आरती राम जी को विज्ञापन सौंपा गया था उन्होंने भरोसा दिलाया था कि अधिकारियों से बात कर इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा और किसी को भी जिओ फेसिंग उपस्थिति के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। जिला सिविल मैडिकल सर्विसिज एसो के अध्यक्ष डॉक्टर ललित कुमार डॉक्टर महेश, जिला लैब टेक्निशन एसोसिएशन प्रधान होशियार सिंह आर्य बहुउद्देशीय स्वास्थ्य संगठन के जिला सचिव प्रदीप लोहान, सुरेंद्र कुमार, आशा कोडीनेडर सतबीर बोपेरा सविंदर ऐन एच एम- जिला अध्यक्ष हरदीप आदि मौजूद रहे।

## डिप्टी स्पीकर ने विकासात्मक परियोजनाओं को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

# रानी तालाब के निकट गुल्ला जोहड़ी में 100 करोड़ से बनेगी मल्टीपर्पज बिल्डिंग

### तेरह करोड़ रुपये की लागत से होगी सैक्टरों की सड़के दुरूस्तः डा. मिड्ढा

रजाना गांव में बने बस क्यू शैल्टर की तर्ज पर बनेगा दालमवाला गांव का बस क्यू शैल्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि शहर के रानी तालाब के निकट गुल्ला जोहड़ी में लगभग 100 करोड़ रुपये की राशि से एक बहुउद्देशीय बिल्डिंग तैयार की जाएगी। जिसमें एक ही छत के निचे लोगों की सुविधा अनुसार प्रतिष्ठान खोले जाएंगे। इसके अलावा पालिका बाजार को स्मॉट बाजार बनाया जाएगा। इस योजना पर लगभग दो करोड़ 37 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। शहर के सैक्टर 7, 8 तथा 9 में लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से सड़को का सुधारिकण किया जाएगा। दामलवाला गांव में भी स्मार्ट बस क्यू शैल्टर बनाया जाएगा। इन सभी विकास योजनाओं का एस्टीमेट तैयार किया जा चुका है और जल्द ही औपचारिकताएं पूरी कर इन पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी हलका के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसी परियोजनाओं का प्लान तैयार करें, जिसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिलें। डा. कृष्ण लाल मिड्ढा लोक निर्माण विश्राम गृह में विधानसभा क्षेत्र में करवाए जा रहे विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्णलाल मिड्ढा ने सिलसिलेवार सभी विभागों से विकासात्मक परियोजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जितने भी विकास कार्य अधुरे हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाए। पुराना बस अड्डा पर नई परियोजना तैयार की जाए। जिससे इस जगह का सही इस्तेमाल हो सके। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि बरसाती सीजन के बाद तुरंत जरूरत अनुसार सड़कों की मरम्मत करवाएं। विधानसभा क्षेत्र की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। विकास कार्यों की ली प्रगति रिपोर्ट : उन्होंने सफीदों गेट से परशुराम चैक तक सड़क को चैड़ा करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न 29 सड़कें बनाने के लिए की जा रही विभागीय कार्यवाही की भी समीक्षा की। अपोलो रोड पर नगर परिषद की खाली पडी जमीन पर पार्क व हैल्थ सेंटर बनाने के लिए प्रस्ताव बनाने के लिए दोनों विभागों द्वारा कार्यवाही करने के लिए कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे पात्र परिवारों के मकानों की प्रगति की समीक्षा कीए जिस पर संबंधित अधिकारियों ने कहा कि योजना के तहत 341 पात्र परिवारों की पहचान की गई है। जिनमें से 325 लोगों के बैंक खातों में पहली किस्त जारी की जा चुकी है। शेष के बैंक खातों दुरूस्त करने करवाने के लिए संबंधित को कहा गया है। जल्द ही इनके बैंक खातों में भी राशि डलवा दी जाएगी। इसके अलावा नए आवेदकों के आवेदनों पर भी कार्यवाही जारी है।



**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते विधानसभा डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

### विकास कार्यों में कोताहि नही होगी बर्दाश्त

डिप्टी स्पीकर ने नाइट स्वीपिंग योजना के तहत शहर के व्यस्त ऐरिया में सफाई करवाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ई-लाईब्रेरी, महिला चोपाल, विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत किए जाने वाले विकास कार्य, दरियावाला व खोखरी गांव में पार्क निर्माण, शहर की इंदिरा कालोनी समेत विभिन्न कॉलोनियों में पानी के नल दबाने, सीवरेज व्यवस्था के सुधारिकण, मुख्य बाजार के अंदर बिजली लाइनों को अण्डरग्राउंड करने, कालवा-किनाना ड्रेन में गंदा पानी न डालने, कंडेला में बनने वाली सीएचसी की बिल्डिंग के लिए अस्टीमेट बनाने जैसे विकास कार्यो की विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को कहा कि जो भी विकास कार्य अधुरे है उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करवाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले दिनों हुई रिकार्ड तौड़ बरसात का पानी दो से तीन घंटे में निकालने के लिए प्रशासन द्वारा जो मेहनत की गईए उससे साबित होता है कि जींद में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान, जिला परिषद सीईओ अनिल दून, डीएमसी सुरेंद्र, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पूंडरी नपा में फाइनेंस कमेटी का गठन

## पूंडरी शहर को आदर्श नगर बनाया जाएगाः सतपाल जांबा

- विधायक -पालिका चेयरपर्सन सहित सभी पार्षदों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

नगर पालिका पूंडरी में फाइनेंस कमेटी का गठन करने के लिए चुनाव संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा व पालिका चेयरपर्सन बबली गोस्वामी सहित सभी पार्षदों ने भाग लिया। बैठक में विधायक सतपाल जांबा ने कमेटी के लिए वार्ड नंबर 6 से किरण बुक्कल और वार्ड नंबर 10 से नसीब सैनी के नामों का अनुमोदन किया, जिस पर सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से सहमति जताई। विधायक सतपाल जांबा ने इस मौके पर कहा कि शहर के विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी पार्षद एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द पूंडरी शहर में सीवरेज, सड़कें, स्ट्रीट लाइटें, पार्कों के सौंदर्यीकरण, पेयजल आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। साथ ही ऐतिहासिक पुंडरीक तीर्थ का भी पर्यटन की दृष्टि से विकास करवाया जाएगा, ताकि यह क्षेत्र धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ रोजगार व पर्यटन के नए अवसर भी प्रदान कर सके। बैठक में विधायक ने पार्षदों से विकास कार्यों के लिए आपसी समन्वय और सहयोग बनाए रखने का आह्वान किया। कहा कि सरकार और पालिका मिलकर शहर को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पालिका सचिव नरेश कुमार, पार्षद सतीश हजवाना, किरनजोत, रामप्रसाद, सीमा देवी, मुल्तान सिंह, ईशम सिंह, विक्की, सरिता कत्याल, संगीता रानी, पिंकी, ज्योति, सीमा देवी, रेणु व डिम्पी भी उपस्थित रहे।

# बरसात से गलियों में कीचड़ बना परेशानी

- गलियों में पानी भरने से रास्ते अवरुद्ध, नागरिक घरों में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद में सोमवार को हुई बरसात से लोगों को जहां गर्मी से राहत मिली वहीं कुछ गलियों में पानी भरने से रास्ते अवरुद्ध हो गए। इसमें दुर्गा मंदिर को जाने वाली गली में पूरी तरह पानी व कीचड़ भरने से गली से खाली भी नहीं निकला गया। इसके अलावा दुर्गा मंदिर वार्ड नंबर 7 व 8 में जाने वाली गली में से कीचड़ व पानी के कारण कोई पैदल भी नहीं गुजर सकता। वहीं कैथल अंसध मार्ग पर टूटी हुई सड़क के गड्ढों में पानी भरने से राहगीरों वह दुकानदारों तथा नगर के लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। यह आलम पिछले लंबे समय से बन रहा है थोड़ी सी बरसात होने पर भी गड्ढों में पानी भरने से लोगों का खाली निकलना भी मुश्किल हो जाता है। बार-बार प्रशासन को अवगत करवाने के बावजूद भी प्रशासन व संबंधित विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा। जिससे लोगों में आए दिन रोष बढ़ रहा है। सोमवार को अचानक मौसम परिवर्तित हुआ और तेज हवाओं व बादलों के साथ जोरदार बरसात शुरू हो गई।



**राजौंद।** बसरात से मुख्य मार्ग पर गढ़ों में भर पानी। *फोटो :हरिभूमि*

### बारिश से मौसम सुहाना

**जींद।** जिले में सोमवार को हुई बारिश की फुहारों से मौसम सुहाना बना रहा। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बारिश धान फसल के लिए फायदेमंद मानी जा रही है। सोमवार को अधिकतम 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 80 % तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की। जींद में सात एमएम, अलेवा में दस एमएम, पिल्लूखेड़ा में पांच एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि अन्य स्थानों पर हलकी बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घटो के दौरान बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना है। सोमवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ बादल गहरे हो गए व एक घंटे तक बारिश रूक-रूक कर फुहार पड़ती रही।

## यूथ कांग्रेस और छात्र संगठनों ने प्रदर्शन कर अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा मांगपत्र

# भिवानी की बेटी मनीषा के हत्यारोपितों को फांसी देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिवानी की बेटी मनीषा को इंसाफ दिलवाने के लिए सोमवार को यूथ कांग्रेस व अन्य छात्र संगठनों ने शहर में प्रदर्शन किया और एडीसी को मांगों का ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की गई कि मनीषा के हत्यारोपियों को फांसी की सजा दी जाए। सोमवार सुबह सैंकड़ों की संख्या में सीआरएसयू, कॉलेज, आईटीआई समेत दूसरे शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी और नौजवान जींद के नेहरू पार्क में जमा हुए। छात्र संघ कांग्रेस ने प्रदर्शन की अगुआई की। यहां से सभी युवा प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। इस दौरान बच्चों ने अपने हाथों में मनीषा को इंसाफ दिलवाने और उसके कातिलों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करने वाली तख्तियां उठाई हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आज हरियाणा में नारा तो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का दिया जा रहा है लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि बेटियां सुरक्षित ही नहीं हैं। भिवानी पुलिस हत्यारोपियों का कई दिन बाद भी पता नहीं लगा पाई है। इससे लोगों का भरोसा पुलिस की सुरक्षा से उठ रहा है। जब जींद में सैंकड़ों नौजवान भिवानी की बेटी मनीषा को इंसाफ दिलवाने की मांग को लेकर सड़कों पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे, तब जींद में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा और हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा गोहाना रोड स्थित लोक निर्माण विश्रामगृह में मौजूद थे। प्रदर्शनकारी नौजवानों ने मांग की कि मनीषा के हत्यारों का जल्द पता लगा कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। इन दरिंदों को फांसी की सजा और वह भी कम से कम समय में मिले। हरियाणा के भिवानी जिले में घटित मनिषा हत्या कांड ने न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश को हिला कर रख दिया है। 19 वर्षीय शिक्षिका मनीषा जो अपने भविष्य को संवारने के लिए नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश लेने की प्रक्रिया के लिए घर से निकली थी, कभी वापस नही लौटी। दो दिन बाद उसकी गला कटी लाश नहर के किनारे मिली। यह घटना अपने आप में बेहद दर्दनाक है और हमारे समाज तथा प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करती है।

### जींद-कैथल में प्रदर्शन






### कैथल में दूसरे दिन रोष प्रदर्शन, नारेबाजी की

**कैथल।** भिवानी के लोहारु में शिक्षिका मनीषा हत्याकांड मामले में विरोध प्रदर्शन सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। सोमवार को भी विभिन्न संगठनों से जुडे युवाओं सहित अन्य लोगों ने मनीषा के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर शहर में प्रदर्शन किया। मनीषा को न्याय दिलाने से संबंधित नारे लगाए और हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की। प्रदर्शन से पूर्व सैकड़ों युवा व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग लघु सचिवालय में एकत्रित हुए। प्रदर्शन करते करनाल रोड से होते पिहोवा चौक पहुंचे और वहां पर आंशिक धरना दिया। प्रदर्शनकारियों में शामिल नरेश, प्रदीप, राहुल, सुनील, हर्ष, संदीप और मनोज ने कहा कि वे मनीषा को न्याय दिलाने के लिए उसके परिवार के साथ खड़े हैं।

## खबर संक्षेप

### श्री कृष्णा छठी महोत्सव 21 अगस्त को

**उचाना।** 21 अगस्त को पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में श्री कृष्णा छठी महोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दो बजे श्री कृष्णा छठी महोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन महिला श्रद्धालु एकत्रित होकर भजन, कीर्तन करेंगी।

### अंतरराष्ट्रीय जाट संसद की मीटिंग जींद में 24 को होगी



**उचाना।** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश महासचिव संदीप चहल बड़ौदा ने बताया कि 24 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय जाट संसद की हरियाणा प्रदेश की कार्यसमिति की मीटिंग जींद में होगी। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीयध्यक्ष रामावतार पलसानिया मीटिंग में हिस्सा लेंगे। जाट संसद के सभी पदाधिकारी मीटिंग में पहुंचेंगे।

### अलग-अलग स्थानों से दो महिलाएं लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव बिघाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं गांव कलावती से भी 36 वर्षीय महिला अपने घर से गायब हो गई। परिजनों ने दोनों महिलाओं को तलाशा तथा पूछताछ की लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा। संबंधित थाना पुलिस ने दोनों अभिभावकों की शिकायत पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कैश अवार्ड के तहत शेष बचे खिलाड़ी करें आवेदन

**जींद।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी रामपाल ने बताया कि उत्तराखंड में आयोजित 38वे नेशनल गेम्स 2025 प्रतियोगिता में जिला जींद से जिन खिलाड़ियों ने भाग लिया था, ऐसे संबंधित शेष पदक विजेता तथा प्रतिभागिता करने वाले खिलाडियों को नगद ईनाम प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। पात्र खिलाड़ी आवेदन जल्द से जल्द विभाग के कैश अवार्ड पोर्टल पर कर सकतें हैं।

### मुकेश नाइट का आयोजन 24 को

**नरवाना।** नरवाना में आगामी 24 अगस्त को मुकेश नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों हेतु एक बैठक का आयोजन प्रधान अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई। संरक्षक डा. एसके सिंगला ने बताया कि इस बार की मुकेश नाइट मिलन पैलेस नरवाना में 24 अगस्त को सायं पांच बजे से आयोजित की जा रही है। इसमें मुख्य अतिथि हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता हैदराबाद से प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी सुरेंद्र अग्रवाल करेंगे।

### जजपा एससी सेल की बैठक संपन्न

**जींद।** एसीसी सेल जेजेपी की बैठक सोमवार को प्रदेश प्रभारी पूर्व विधायक रमेश खटक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सुरेश, भागीराम, जिला प्रधान जोरा सिंह डूमरखां, हलका प्रधान सुनील कंडेला, विकास, आदि अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व विधायक रमेश खटक ने कहा कि अगर एससी समाज का कोई भला कर सकता है तो वो देवीलाल का परिवार ही है। उन्होंने कैसे 25 साल की उमर में ही रमेश खटक को विधायक बना दिया था।

### परिचय सम्मेलन को लेकर मंडियों का दौरा

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल आगामी सात सितंबर को जींद में होने वाले उत्तर भारत स्तरीय विवाह योग्य युवक, युवती परिचय सम्मेलन को लेकर अपनी टीम के साथ लगातार प्रदेश की विभिन्न मंडियों का दौरा कर रहे है। वे अबतक कई जिलों का दौरा कर चुके हैं।

---

### लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन

# समस्याओं का निर्धारित समय में समाधान करें अधिकारी : एडीसी

## समाधान शिविर में आई अधिकतर शिकायतों का किया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** शिकायतें सुनते हुए एडीसी। *फोटो :हरिभूमि*

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है ताकि जनता का प्रशासन पर भरोसा और ज्यादा मजबूत हो। सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि इस समाधान शिविर के लिए प्रशासनिक अधिकारियों का बकायदा शेड्यूल बनाया गया है जबकि प्रत्येक कार्य दिवस के सोमवार व वीरवार को आमजन की समस्याओं का समाधान कर रहे है। एडीसी विवेक आर्य सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करने उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले एडीसी विवेक आर्य ने समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों को सुना और अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। जबकि कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन की तरफ से प्रत्येक सप्ताह के कार्य दिवस में सोमवार व वीरवार को लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में लोगों को अपनी समस्याएं रखनी चाहिए। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिनमें मुख्य रूप से जलभराव, गली पक्की, प्रजापति प्रमाण पत्र, सड़क मरम्मत, पेंशन संबंधित समस्याएं, राजस्व मामलों और शिक्षा विभाग से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उन्होंने सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आगामी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया और तत्परता से समाधान सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेगा और कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के आदेशानुसार समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविरों का फायदा उठाएं। शिविर के दौरान नागरिकों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन से न केवल प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत हो रहा है बल्कि शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया भी सरल और त्वरित हो रही है। इस दौरान जींद एसडीएम सत्यवान सिंह मान, जिला परिषद सीईओ अनिल दून, नगराधीश मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीआरओ राजकुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

# वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी देते अधिवक्ता देवराज।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका के मार्गदर्शन में अमर ज्योति फाउंडेशन ओल्ड ऐज होम वार्ड नं 13 जुलाना में विशेष कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिको से जुड़ी महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियों को सरल भाषा में सांझा किया। पैनल अधिवक्ता देवराज मलिक ने बताया कि भारत में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष कानून बनाए गए हैं। जिनमें सबसे प्रमुख है वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण व कल्याण अधिनियम 2007 इस कानून के तहत संतान या वारिस पर यह कानूनी जिम्मेदारी है कि वे अपने माता-पिता या दादा-दादी का भरण पोषण करें। अगर कोई संतान ऐसा नहीं करती है तो वरिष्ठ नागरिक संबंधित प्राधिकरण के समक्ष शिकायत दर्ज करा सकते हैं और उन्हें भत्ता, देखभाल या आवास दिलाया जा सकता है। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी एवं गैर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का अधिकार है जैसे वृद्धावस्था पेंशन, रेलवे एवं बस यात्रा में रियायत, आयकर में छूट, स्वास्थ्य बीमा योजनाएं व पुराने मामलों के निपटारे में प्राथमिकता है। यदि किसी वरिष्ठ नागरिक ने अपनी संपति किसी शर्त के आधार पर संतान को दी है और वह संतान इस शर्त का पालन नही करता है तो वरिष्ठ नागरिक के पास उसे वापस लेने का कानूनी अधिकार है। बताया कि केवल कानून की बाते करना नही है बल्कि आपसी संवाद के माध्यम से उस वास्तविक समस्याओं को समझना भी है।



**उचाना।** कलाकार हर्ष गोयल को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### भजन संध्या का आयोजन किया

**उचाना।** लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में भजन संध्या का आयोजन किया गया। लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा इसका आयोजन किया गया। भजन प्रवाहक हर्ष गोयल कुरूक्षेत्र, भारतेंदू शास्त्री रहे तो मंच संचालन सोनू चंचल ने किया। किसने सजाया तुझको मोहन बड़ा प्यारा लागै, राधिका गौर से ब्रज की छौरी से, यशोमति मैय्या से बोले नंदलाला, छोटी-छोटी गैय्या, छोटे-छोटे ग्वाल सहित विभिन्न धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। मंदिर पुजारी पं. सत्यनारायण शांडिल्य ने कहा कि धर्म, संस्कार का मनुष्य के अंदर होना सबसे जरूरी है। धर्म के बिना कुछ नहीं है। धर्म हमें सच्चाई के मार्ग पर लेकर जाता है। धर्म हमारे अंदर होगा तो वो कभी कोई बुरी सोच नही आएगी। हमेशा सकारात्मक सोच रही। जीवन में कभी नकारात्मक सोच नही आएगी। इस तरह के आयोजनों से धर्म का प्रचार होता है। हमारे अंदर संस्कार होने भी बहुत जरूरी है। बिना संस्कार के मनुष्य जीवन कुछ नही हैं।

### एतिहासिक रही नरवाना की रैली: गोल्डी सरपंच

**उचाना।** डूमरखा कलां के सरपंच गोल्डी ने कहा कि नरवाना में 17 अगस्त को हुई धन्यवाद एवं विकास रैली ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोडने का काम किया है। इस रैली में उमड़ी भीड़ सीएम नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी की बढ़ रही लोकप्रियता का प्रमाण है। नरवाना हलके के साथ लगते डूमरखां कलां गांव से भी लोग रैली में उत्साह के साथ पहुंचे। निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित करने का काम भाजपा सरकार कर रही है। जो आज तक का सबसे बड़ा काम भाजपा ने किया है वो बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी देकर किया है। आज गरीब परिवार के युवा बड़े-बड़े पदों पर नौकरी अपनी पढ़ाई के बूते पर लग रहे है। आज पूरे प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास हो रहा है। ऐसा सीएम आज तक प्रदेश को नहीं मिला जो हर समय हंसता रहता हो, खुद अपनी गाड़ी रोकर लोगों से मिलता हो, 24 घंटे उनके दरवाजे आमजन के लिए खुले रहते हो।

---

### डीएन मॉडल स्कूल की टीम रही प्रथम

**जींद।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जींद सैंट्रल जेसीज द्वारा आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में डीएन मॉडल स्कूल ने सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर रही। इस प्रोग्राम में जींद के प्रमुख स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। प्रोग्राम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिढ़ा मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए। डीएन मॉडल स्कूल की टीम ने शहीदों पर आधारित बहुत ही शानदार प्रस्तुति देकर सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर स्कूल में एक सम्मान समारोह आयोजित करके भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की तैयारी करवाने वाले कमल व इशू को भी विद्यालय के द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या राज रेढू ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए इसी प्रकार आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। उधर भारत विद्या मंदिर स्कूल ने जूनियर ग्रुप में पहला स्थान पाया। मुख्याध्यापक विनोद हसीजा के अनुसार विद्यार्थियों ने बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी।



**जींद।** सीनियर वर्ग में पहला स्थान पाने वाली डीएन स्कूल की टीम।



**नरवाना।** यूनियन के नवनियुक्त पदाधिकारी शपथ लेते हुए।

### एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के प्रधान बने राजबीर

**नरवाना।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन हैड ऑफिस भिवानी की यूनिट का वर्ष सत्र 2025-28 के लिए त्रिवार्षिक चुनाव सर्कल सचिव राजेश आसन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से लगातार तीसरी बार राजबीर ढिल्लो को यूनिट प्रधान, संदीप धीमान को वरिष्ठ उप प्रधान, समीर राणा को उप प्रधान, कर्मवीर कापड़ो को सचिव, अनिल नैन को सह सचिव, रोहताश जांगड़ा को कैशियर, संजय गोयत को ऑडिटर, राजकुमारए जसबीरए कृष्ण व मनीष को संगठनकर्ता चुना गया। नवनिर्वाचित यूनिट नरवाना को सर्कल सचिव राजेश आसन ने यूनियन के पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। चुनाव के दौरान केंद्रीय कमेटी में उप प्रधान वीरेंद्र गोयत व वरिष्ठ उप प्रधान कृ ष्ण नैन के अलावा सभी नवनिर्वाचित सब यूनिटों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सम्मेलन को लेकर दिया निमंत्रण

**उचान।** सात सितंबर को जींद में होने वाले युवक.युवती परिचय सम्मेलन को लेकर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज उचाना के प्रधान दयानंद मित्तल की अगुवाई में में दुकानों पर जाकर निमंत्रण दिया गया। मित्तल ने बताया कि परिचय सम्मेलन को ज्यादा से ज्यादा कामयाब करने के लिए कमेटी के सदस्य डोर टू डोर अग्रवाल समाज के जितने भी घर उचाना मंडी एवं आसपास के क्षेत्र में है वहां पर जाकर सभी से मिलकर निमंत्रण देने के साथ.साथ परिचय सम्मेलन के बारे में बता रहे हैं। 20 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इस मौके पर रोशन लाल घोघडिया, महेंद्र लोधर, भारत भूषण पार्षद, होशियारी जैन, शीलू बुडायन, पुरुषोत्तम मित्तल, हनुमान जैन, प्रवीण जैन मौजूद रहे।



**उचाना।** युवक व युवती परिचय सम्मेलन को लेकर निमंत्रण पत्र देते हुए।



पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के साथ विकास श्योकंद सुदकैन।

### लोगों को दुष्यंत का राज आने लगा याद : श्योकंद

**उचाना।** जजपा पूर्व युवा हलका वरिष्ठ उप प्रधान विकास श्योकंद सुदकैन ने कहा कि आज प्रदेश के युवा, किसान, कमेरे वर्गए व्यापारी को दुष्यंत चौटाला की याद आने लगी है। आज चंडीगढ़ में कोई उनकी सुनवाई नहीं करने वाला नहीं है। आज प्रदेश में बढ़ रही गुंडागर्दी से हरियाणा अपराध में नंबर वन बनता जा रहा है। प्रदेश में ऐसा कोई दिन नहीं बीतता जिस दिन हत्या की वारदात नहीं होती हो। आज आम आदमी अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगा है। जब तक काम पर गया परिवार का सदस्य घर वापिस नहीं आता तब तक परिवार के सदस्य चैन की नींद नहीं सो पाते है। उन्होंने कहा कि आज लोगों को वो समय याद आने लगा है जब चंडीगढ़ जाते ही उनकी सुनवाई दुष्यंत चौटाला करते थे। आज भाजपा के विकल्प के रूप में प्रदेश के लोग जजपा को चुन चुके है।

---



**अलेवा।** राजकीय महिला महाविद्यालय जींद में विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य जय नारायण व सुमन खटक। *फोटो :हरिभूमि*

### रंगोली प्रतियोगिता में सिमरन प्रथम

**अलेवा।** राजकीय महिला महाविद्यालय जींद में प्राचार्य के दिशा निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में सिमरण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य जय नारायण गहलावत ने विद्यार्थियों को नशा न करने के लिए अभिप्रेरित किया और बताया कि इससे हमारा शरीर भयंकर बीमारियों का शिकार हो जाता है। कार्यक्रम की संयोजिता सहायक प्रोफेसर सुमन खटक रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ-चढकर भाग लिया।

# विधायक को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को मांग पत्र सौंपते मखंड बंसल परिवार के सदस्य।

गांव मखंड में करीब दो हजार गज जमीन में बने हॉल कमरे में आयुर्वेदिक डॉक्टर की सप्ताह में तीन दिन तक ड्यूटी लगाने को लेकर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मिल कर उन्हें मांग पत्र दिया गया। मखंड के बंसल परिवार के सदस्य नरेश बंसल, विजय बंसल, विकास बंसल ने बताया कि उनके परिवार द्वारा मखंड गांव में करीब दो हजार गज जमीन में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए गांव में हॉल कमरा बनाने के साथ-साथ चार दीवारी बनाई गई है। इसमें सप्ताह में तीन दिनों तक आयुर्वेदिक डॉक्टर की ड्यूटी लगाने की मांग को लेकर विधायक से मिले। विधायक ने आश्वासन दिया कि वो संबंधित विभाग से इसको लेकर बातचीत करेंगे। वो पूरी कोशिश करेंगे कि जो हॉल कमरा बनाया गया है उसमें सप्ताह से तीन दिन आयुर्वेदिक विभाग से डॉक्टर आए ताकि गांव के लोगों को गांव में ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। आयुर्वेदिक उपचार हमारा प्राचीन उपचार है। वो बिना किसी किराए के ये बिल्डिंग स्वास्थ्य सेवा के लिए दे रहा है ताकि गांव के साथ-साथ आसपास के गांव के लोगों को भी इसका फायदा हो सकें। इससे पहले हमारे परिवार द्वारा गांव में लगभग 500 गज जमीन में जैन स्थानक का निर्माण करवाया गया है। यहां पर जैन साधु, साध्वी समय-समय पर रूक लोगों को धर्म के बारे में विस्तार से बताते है।



**जींद।** कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। *फोटो :हरिभूमि*

### सात दिवसीय आर्ट प्रदर्शनी शुरू

**जींद।** जाइट में आर्ट एग्जिबिशन का उद्घाटन किया गया। यह प्रदर्शनी ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2025-26 के अवसर पर आयोजित की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल मानद प्रो. डा. राजेंद्र कुमार अनायत अखिल भारतीय प्रमुख, भारतीय ज्ञान संपदा एवं पूर्व कुलपति डीसीआरयूएसटी मुरथल एवं बीपीएसएम खानपुर ने किया। इस अवसर पर जाइट चेयरमैन अनिल बंसल ने विद्यार्थियों व कला प्रेमियों का स्वागत किया। प्रदर्शनी में विभिन्न विधाओं जैसे चित्रकला, मूर्तिकला, क्राफ्ट एवं कला के अद्वितीय नमूने देखने को मिल रहे हैं। कला और संस्कृति के संगम को समर्पित यह एग्जिबिशन एक सप्ताह तक जींद वासियों के लिए खुला रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबंध निदेशक अभिषेक बंसल, प्रधानाचार्य डा. संतोष कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर फाइन आर्ट्स डा. सुमित कुमार, डीन प्रोफेसर भास्कर शर्मा, रजिस्ट्रार आशीष सिंगला, डा. गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

### विद्या भारती प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बहाया पसीना

# 400 मीटर में कुरुक्षेत्र, 600 में जींद अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। *फोटो :हरिभूमि*

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाडियों ने एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता स्थल पर सुबह से ही खिलाडियों में उत्साह और जोश देखने को मिला। प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 600 और 1500 मीटर दौड़, साथ ही हाई जंप, लॉग जंप, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो, गोला फेंक और हैमर थ्रो की प्रतिस्पर्धाएं संपन्न हुईं। 400 मीटर दौड़ में कुरुक्षेत्र ने बाजी मारी और प्रथम स्थान हासिल किया। 600 मीटर दौड़ में जींद के खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उत्तर क्षेत्र खेलकूद प्रभारी मलखान सिंह ने बताया कि यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता राज्यभर के विद्या भारती से संबद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य अजय कौशिक ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं बल्कि मन और मस्तिष्क को भी स्वस्थ एवं सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्या भारती संस्था जिला स्तर से लेकर अखिल भारतीय स्तर तक प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। प्रतियोगिता के दौरान विद्या भारती के वरिष्ठ पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे और खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

### ये रहे विजेता

400 मीटर दौड़ में कुरूक्षेत्र के आयुष प्रथम, तेपला के यमनित द्वितीय, गोहाना के जतिन तृतीय रहे। 400 मीटर दौड़ अंडर-11 में कुरूक्षेत्र से अंशिका प्रथम, तेपला से तपस्या द्वितीय व कुरूक्षेत्र से अक्षिता तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ अंडर 14 में कुरूक्षेत्र से नवतेज प्रथम, अभिनव द्वितीय व परीक्षित तृतीय रहे। वहीं रोहतक की प्रियांशी प्रथम, गरिमा द्वितीय व मानसी तृतीय रही। 600 मीटर दौड़ अंडर 14 में गोपाल स्कूल जींद के नवीन प्रथम, कुरूक्षेत्र के गगन द्वितीय व रोहतक के दक्ष तृतीय रहे। शॉटपुट अंडर 14 में गोपाल स्कूल जींद के आरव प्रथम, तेपला के विवेकानंद द्वितीय रहे।



वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास निर्माण भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण पत्र देते हुए।

### कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया

**उचाना।** हरियाणा वाल्मीकि महासभा जींद के सदस्यों ने उचाना में बनने जा रहे आलिशान वाल्मीकि भवन एवं छात्रावास के भूमि पूजन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उचाना के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को कार्यक्रम में आने निमंत्रण दिया। संजीव वैद बधाना जिला प्रधान हरियाणा वाल्मीकि महासभा जींद ने बताया कि यह कार्यक्रम 23 अगस्त को सर्वजातीय दाडन खाप चबूतरा पालवांमें होगा। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार बेदी कैबिनेट मंत्री होंगे। देवेंद्र चतरभुज अत्री विधायक उचाना, कपूर सिंह वाल्मीकि विधायक हल्का बवानी खेड़ा, वंयोगेंद्र राणा विधायक हल्का असंध पहुंचेंगे। भूमि पूजन के बाद कैबिनेट मंत्री एवं विधायकगणों का सम्मान समारोह होगा। इस दिन कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए देशी घी के भंडारे का आयोजन भी किया गया है। इस मौके पर मुकेश सुदकैन वरिष्ठ उप प्रधान, कुलदीप कसूहन महासचिव, सतीश बड़ौदा कोषाध्यक्ष, अशोक थुआ सचिव, ब्लॉक कार्यकारिणी से कश्मीरी दाबड़ी उप प्रधान, कपिलदेव बड़ौदा, सुनील बेदी, सरपंच अशोक कागड़ा, विनोद, कृष्ण मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### 30 सितंबर तक चलाया जा रहा विशेष अभियान

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने बताया कि मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 90 दिन (1 जुलाई से 30 सितंबर 2025) एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मध्यस्थता एक स्वैच्छिक और गोपनीय प्रक्रिया है, जहां एक तृतीय पक्ष (मध्यस्थ) विवादित पक्षों को अदालत जाए बिना आपसी सहमति से समाधान निकालने में मदद करता है।

### प्रथम वर्ष में दाखिला प्रक्रिया में आज अतिंम दिन

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल में स्नात्तक एवं स्नात्तकोत्तर प्रथम वर्ष में दाखिला प्रक्रिया में आज अतिंम दिन है। प्राचार्य डॉ राजबीर पारासर ने बकाया सीटों का ब्यौरा देते हुए बताया कि अभ्यर्थी महाविद्यालय में आकर इन सीटों पर दाखिला ले सकते हैं। स्नात्तकोत्तर कक्षाओं में दाखिला लेने के अंतिम दिन तक कुल 224 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। इनमें 175 लड़कियां एवं 49 लड़के शामिल हैं।

### समाज को संगठित करने के लिए काम करेगी खाप

**पूंडरी।** ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने आज समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि लोकतंत्र की असली शक्ति जनता की एकजुटता और पारस्परिक संवाद में निहित है। उन्होंने कहा कि अगर समाज आपस में एकजुट रहकर अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझेगा, तो लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। अशोक शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा से देश और धर्म की रक्षा के लिए अग्रणी रहा है।

### प्रगति शील किसान क्लब की मासिक बैठक आज

**सीवन।** प्रगतिशील किसान क्लब कैथल की मासिक बैठक मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र कैथल में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी प्रगतिशील किसान गुरुदयाल मलिकपुर ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों और एग्रीमेंट कृषि के लाभों के बारे में जागरूक करना है। बैठक में जैन इरिगेशन कंपनी द्वारा अनुबंध खेती की प्रक्रिया तथा उससे होने वाले फायदे पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### सीवरेज सफाई में न हो किसी तरह की कोताही

# शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी सीवरेज की जारी रखें सफाई

**लापरवाह विभागों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

डीसी प्रीति ने कहा कि सीवरेज व सेप्टिक टैंकों की सफाई मशीनों के माध्यम से करवाई जाए, ताकि कोई भी जान-माल की हानि न हो। सीवर की सफाई के दौरान कई घटना न घटे, संबंधित विभाग इसके लिए पूरी सावधानी और सतर्कता के साथ कार्य करें। व्यक्ति को सीवर के अंदर न भेजा जाए। किसी आपात स्थिति में यदि सफाई करवानी पड़े तो सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों व उपकरणों के साथ सरकार द्वारा जारी निर्देशों की पालना करवाते हुए करवाई जाए।

डीसी प्रीति सोमवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस हाल में सीवर सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले जन स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त मोहम्मद शाइन वीडिया कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। डीसी ने मुख्यालय के निर्देशानुसार कहा कि सीवर सफाई में यदि कोई अप्रिय घटना घटती है और सीवरमैन की मृत्यु हो जाए तो उसके परिवार को मुआवजा देने में कोई भी देरी न की जाए। यदि देरी होती है तो संबंधित विभाग की जिम्मेदारी होगी। सीवर सफाई के दौरान हुई मृत्यु को लेकर दर्ज एफआईआर की रिपोर्ट की जांच एक सप्ताह में मुख्यालय भिजवाई जाए, ताकि पीड़ित परिवार को निर्धारित समय पर मुआवजा दिया जा सके। इसमें कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सीवर से संबंधित डाटा को नमस्ते पोर्टल पर अपडेट किया जाए। नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत कार्ड का ई-केवाईसी के कार्य को समय पर पूरा करवाएं। सीवर की सफाई के लिए कार्य करने वाली गाड़ियों का पंजीकरण हो। जिला स्तर पर रिस्पोंस सेनिटेशन अथोरिटी (आरएसए) कमेटी का गठन किया जाए, जिसके तहत डीसी ओवर ऑल इंचार्ज तथा जन स्वास्थ्य विभाग, अर्बन लोकल बॉडी, एचएसवीपी सदस्य होंगे। इस मौके पर जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता एके गिल, कार्यकारी अभियंता विकास बाल्याण व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


#### कार्य की रिपोर्ट प्राप्त करना करें सुनिश्चित

ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सीवर सफाई कार्य के लिए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी व जिला परिषद के सीईओ के साथ जन स्वास्थ्य विभाग के साथ तालमेल करते हुए डाटा अपडेट तथा सीवर सफाई का कार्य की रिपोर्ट प्राप्त करना सुनिश्चित करें। सीवर सफाई का कार्य अधिकृत एजेंसी द्वारा ही किया जाए, यदि कोई अनाधिकृत एजेंसी कार्य कर रही हैं, उनकी पहचान करके कार्रवाई अमल में लाई जाए। जन स्वास्थ्य विभाग के अनुसार फिलहाल कोई भी मुआवजा से संबंधित केस लंबित नहीं है।

## 11 जरूरतमंद कन्याओं के करवाए हाथ पीले

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

श्री श्याम हरी सेवा ट्रस्ट द्वारा 11 जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में करवाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि समाज सेवी पाला राम सैनी ने बेटियों को अपना आशीर्वाद दिया। संस्था के प्रधान सतीश शर्मा ने बताया की उनकी संस्था का मुख्य मकसद समाज की सेवा है वो चाहे किसी गरीब मां बाप की बेटी की शादी हो या अन्य प्रकार की मदद हो। सतीश शर्मा आज संस्था से जुड़े कई लोगों का आभार व्यकत करने हेतु क्षेत्र के गांव कसान मे आए हुए थे। उन्होंने बताया की संस्था इससे पहले भी ग्यारह निर्धन लड़कियों की सामूहिक शादी करवा चुकी है और भविष्य मे भी उनका प्रयास है।


**राजौंद।** सामूहिक विवाह के दौरान संस्था के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

जरूरत मंद लोगों की संस्था के माध्यम से हर सम्भव मदद की जा सके कल का जो सामूहिक विवाह आयोजन हुआ उसमे भी समाज के अनेकों लोगों नें अपना योगदान देकर आयोजन को सफल बनाने मे संस्था के साथ कदम कदम से मिलाकर बहुत ही सराहनीय पहल की है। इस दौरान मुकेश राजेश जय प्रकाश गौरव सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## अपराध पर कसी नकेल: गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी


अशोक गुर्जर।

- **पुलिस ने पिछले एक साल में 6200 से अधिक अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया**

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के बयान पर भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने करारा पलटवार किया है। अशोक गुर्जर ने कहा कि हरियाणा में कानून-व्यवस्था पूरी तरह मजबूत है और सरकार अपराध पर लगाम कसने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है।

विपक्ष केवल झूठ फैलाकर जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है। अशोक गुर्जर ने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि हरियाणा पुलिस ने पिछले एक साल में 6200 से अधिक अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए 181 हेल्पलाइन और दुर्गा शक्ति ऐप के माध्यम से त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि केवल पिछले छह महीनों में ही महिला अपराधों के मामलों में 28 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी की सरकार अपराध और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार ने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 12 हजार से ज्यादा पुलिस जवानों की नई भर्ती की है और 200 से अधिक थानों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया है।

अशोक गुर्जर ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को पहले अपने कार्यकाल का रिकॉर्ड देख लेना चाहिए, जब हरियाणा में लूट, अपहरण और गुंडागर्दी चरम पर थी। आज हालात बिल्कुल बदल चुके हैं और प्रदेश की जनता सुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के ऐसे बयान केवल अपनी राजनीतिक जमीन तलाशने की कोशिश है, लेकिन जनता अब गुमराह नहीं होगी।

## साइबर अपराधियों से रहें सावधान

- **कमजोर पासवर्ड को रखना साइबर अपराध को निमंत्रण देना: एसपी कैथल**
- **ठगी होने पर राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन न. 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं**

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

आज के दौर में हर काम इंटरनेट पर निर्भर हो गया है। तमाम तरह के वित्तीय लेन देन मोबाइल के माध्यम से हो रहे हैं। जैसे-जैसे वित्तीय लेनदेन को लेकर मोबाइल व इंटरनेट पर निर्भरता बढ़ी है, वैसे-वैसे साइबर ठगी की घटनाओं में भी इजाफा हो रहा है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि कमजोर पासवर्ड होने की वजह से भी कई बार साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अटैक से बचने हेतु मजबूत पासवर्ड का अहम योगदान हो सकता है।एसपी ने बताया कि साइबर अपराध से बचाने हेतु जिला पुलिस द्वारा आमजन को सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को साइबर क्राइम बारे जागरूक किया जा रहा है।

#### साइबर फ्रॉड से बचने के लिए निम्न बातों का भी ध्यान रखे

- ⏭अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें।
- ⏭अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से सांझा करने से बचें।
- ⏭मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन का प्रयोग करें।
- ⏭अपना पासवर्ड स्ट्रांग रखें तथा किसी के साथ ओटीपी या अन्य जानकारी सांझा ना करें।
- ⏭किसी भी प्रकार की एप्प को सतर्कता के साथ यूज करें।
- ⏭सर्विस डिलीवरी टोल फ्री नंबर गुगल पे सर्च करते समय नंबर ऑफिसियल वेबसाइट से ही ले।



#### पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं

अगर लापरवाही के कारण कोई साइबर ठगी का शिकार हो जाता है तो राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन न. 1930 पर तुरंत कॉल करके या फिर एनसीआरपी पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। इसके अतिरिक्त नजदीकी थाने में जाकर थाने में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क या साइबर क्राइम थाना में भी शिकायत कर सकते हैं।
*-एसपी आस्था मोदी*

## कालेज में करवाई स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत (कैथल) में उच्चतर शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार ड्रग अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उच्चतर शिक्षा विभाग के द्वारा अगस्त माह में स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन करने का निर्देश दिया गया था, उसी का अनु पालन करते हुए महाविद्यालय में स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने नशीले पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभाव को अपने स्लोगन और पोस्टर के माध्यम से दर्शाया व उन्होंने महाविद्यालय की अनेक छात्राओं को भी नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति भी जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर सुनील गर्ग ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा यह मुहिम विभिन्न शिक्षण संस्थानों में चलाई जा रही है। जिन छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया व उन्होंने अनेक छात्राओं को जागरूक करने का प्रयास किया वे सभी छात्राएं बधाई की पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा युवा वर्ग नशीले पदार्थों का सेवन करके अपने भविष्य को खराब कर रहा है। हम सभी को नशीले पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए व अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना चाहिए।



**कैथल।** प्रतियोगिता में अव्वल रही छात्राओं को सम्मानित करते पदाधिकारी।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सुनील गर्ग, उप प्राचार्य डॉक्टर रूपेंद्र, मैडम शीला, डॉ कविता, श्री सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर कविता के द्वारा सभी का धन्यवाद किया।

## योग प्रतियोगिता में भव्या प्रथम

- **हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने करवाई योग प्रतियोगिता**

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



**कैथल।** अव्वल रहे खिलाडियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

हरियाणा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि आयुष विभाग जिला अधिकारी डॉक्टर शकुंतला दहिया ने पारितोषिक व प्रमाण पत्र वितरित किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान प्रद्युमन सिंह आर्य ने की व मुख्य निर्णायक की भूमिका में गुलशन शर्मा व संजू आर्य रहे। आयोजन में मुख्य अतिथि डॉक्टर शकुंतला दलाल द्वारा पहला दूसरा तीसरा स्थान पाने वाले प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र व मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। संगठन के महासचिव डीपी कुलदीप ने बताया इस प्रतियोगिता में कन्या वर्ग 10 से 14 आयु वर्ग में भव्या ओएसडीएवी स्कूल कैथल प्रथम, चारवि सैनी ओएसडीएवी स्कूल कैथल द्वितीय स्थान पर रिया ओएसडीएवी पुलिस कैथल तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के मैनेजर रामचरण ने बताया कि 14 से 18 आयु वर्ग में कनिष्का ओएसडीएवी कैथल प्रथम सलोनी जीएसएसएस ढांड द्वितीय रिद्धि ओएसडीएवी कैथल तृतीय स्थान पर रही। 10 से 14 वर्ष आयु पुरुष वर्ग में तुषार ओएसडीएवी पुलिस स्कूल कैथल प्रथम कार्तिक ओएसडीएवी स्कूल पुंडरी द्वितीय व वंश जीएसएसएस फरल तृतीय स्थान पर रहे। 4 से 18 वर्ष पुरुष आयु वर्ग में दीक्षित ओएसडीएवी पुंडरी प्रथम, हैप्पी संगतपुरा द्वितीय व राधे जीएसएसएस फरल तृतीय स्थान पर रहे।

## 176 बच्चों को शिक्षण सामग्री की वितरित

- **मानव उत्थान सेवा समिति एक अखिल भारतीय पंजीकृत आध्यात्मिक एवं सामाजिक संस्था है**

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

मानव उत्थान सेवा समिति ने अमृता माताजी के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष में मिशन एजुकेशन के अंतर्गत पूरे भारतवर्ष में एक से 20 अगस्त तक जरूरतमंद बच्चों को को शिक्षण सामग्री विकसित किया जा रही है। मानव उत्थान सेवा समिति एक अखिल भारतीय पंजीकृत आध्यात्मिक एवं सामाजिक संस्था है। जो कहीं दशकों से समाज के अंदर विभिन्न कार्यों में स्थित संलग्न है। समिति शिक्षा के क्षेत्र में मिशन एजुकेशन का कार्यक्रम चल रही है। इस कड़ी में श्री हंस सद्भावना मंदिर कैथल करनाल रोड द्वारा आरकेएम पैलेस के पीछे झुग्गी झोपड़ियां में जरूरतमंद 176 बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैथल आश्रम के प्रभारी महात्मा सुमिता बाई जी और महात्मा अनुपमा बाई जी के द्वारा पीछे झुग्गी झोपड़ियां में जरूरतमंद 176 बच्चों को शिक्षण सामग्री ( कॉपी, पेंसिल, रबर, इरेज़र) और प्रसाद वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में यूथ मिशन एजुकेशन और शाखा आश्रम विभाग के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों की शैक्षिक जरूरत को पूरा करती है, बल्कि उनके उज्जवल भविष्य के निर्माण में एक महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम के अंत में नर नारायण सेवा समिति के आयोजक राजेश ने आश्रम के प्रभारी बाई और संस्था के कार्यकर्ता संदीप धनौरी, मदनलाल, जगदीश और राजीव शर्मा का धन्यवाद किया।



**कैथल।** बच्चों को पाठय सामग्री वितरित करते मानव उत्थान सेवा समिति के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

### नेशनल गेम्स उतराखंड में प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों को किया जाएगा सम्मानित

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राज रानी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए 38वें नेशनल गेम्स 2025 उतराखंड में हरियाणा राज्य के स्वर्ण पदक, रजत पदक व कांस्य पदक के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाना है।

**सूचना**

मैं, अजीत सिंह पुत्र श्री रतन सिंह निवासी गांव निडानी तह. व जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रमन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सेवा भाव को पार्टी की पहचान बनाने पर दिया गया जोर

# कपिल कमल में भाजपा जिला कार्यशाला का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

आज कैथल स्थित भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल में भाजपा जिला कार्यशाला का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें पूरे दिन विभिन्न महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यशाला की शुरुआत प्रातः 9 बजे पंजीकरण, गीत एवं स्वागत सत्र से हुई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी रहीं और अध्यक्षता रवि भूषण गर्ग ने की। ज्योति सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचने के लिए समर्पित है। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, युवा एवं महिला कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा सेवा भाव को पार्टी की पहचान बनाने पर जोर दिया। संक्षिप्त विश्राम के बाद 12:15 से 1 बजे तक "प्रदेश सरकार की योजनाओं" पर कुलवंत बंजीगर ने विस्तार से जानकारी दी और अध्यक्षता कर्मवीर कोल ने की। इसके पश्चात 1 बजे से 1:40 बजे तक कमलेश ढांडा ने "केंद्र सरकार की योजनाओं" पर प्रकाश डाला और अध्यक्षता राव सुरेंद्र सिंह ने की। भोजनावकाश के बाद 2:30 से 3:15 बजे तक "भाजपा का इतिहास एवं विकास" विषय पर अमरपाल राणा ने प्रभावशाली वक्तव्य दिया और अध्यक्षता देवेंद्र पांचाल ने की। कार्यशाला के


**कैथल।** भाजपा कार्यालय में कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### 'जिला की रिपोर्ट' विषय पर चर्चा हुई

इसके उपरांत 10 बजे से 10:30 बजे तक "जिला की रिपोर्ट" विषय पर चर्चा हुई, जिसमें जिले के विभिन्न मंडलों की गतिविधियों, संगठनात्मक उपलब्धियों और चुनौतियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके बाद 10:30 से 11:15 बजे तक "सेवा पखवाड़ा एवं पंच परिवर्तन" विषय पर विचार रखे गए, सत्र के मुख्य वक्ता भारत भूषण जुयाल रहे और अध्यक्षता सुभाष हजवाना ने की। वहीं 11:15 से 12 बजे तक "संगठनात्मक विस्तार एवं बूथ पर होने वाले कार्यक्रम" पर अशोक गुर्जर ने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया तथा अध्यक्षता जसवंत पठानिया ने की।

**ग्राम पंचायत भम्भेवा**
**ब्लॉक पिल्लूखेड़ा जिला जीन्द (हरियाणा)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भम्भेवा में पैंसर वाला तालाब की खुली बोली दिनांक 25.08.2025 को सुबह 11:00 बजे ग्राम सचिवालय में करवाई जाएगी। बाकि शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी। तालाब की सिक्योरिटी राशि मु. 50000 जमा करवानी होगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत भम्भेवा
ब्लॉक पिल्लूखेड़ा (जीन्द)
मो. नं. 80058-41995

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत किशनपुरा खंड जींद, जिला जींद में सफाई कर्मचारी का पद रिक्त है। सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्ति के लिए खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय जींद द्वारा आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं। कोई भी आवेदक दिनांक 20-08-2025 से दिनांक 25-08-2025 सायं 5 बजे तक प्रतिदिन कार्यालय दिवस को अपना आवेदन खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय जींद में जमा करवा सकता है। जिसके लिए निम्नलिखित योग्यता निर्धारित की गई है:-

1. आवेदक शारीरिक रूप से स्वस्थ हो तथा सफाई का कार्य करने के लिए इच्छुक हो।
2. आवेदक गांव का स्थायी निवासी हो तथा अनुसूचित जाति को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच हो।
4. आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्न दस्तावेजों के बारे में खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय जींद से सम्पर्क करें।

सरपंच ग्राम पंचामत, किशनपुरा — खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जींद

## खबर संक्षेप



### पीएमश्री स्कूल बडनपुर की छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति

**नरवाना।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडनपुर की छात्राओं को केनरा बैंक ने छात्रवृत्ति प्रदान की है। यह जानकारी देते हुए प्रिंसिपल संजय चौधरी ने बताया कि केनरा बैंक ने छठी, सातवीं व आठवीं की छात्राओं जैस्मिन, सिमरन, पूनम को 3000 तथा 9वीं, 10वीं व 11वीं की छात्राओं प्रियंका, प्रतिज्ञा व श्वेता को 5000 की स्कॉलरशिप प्रदान की है। प्रिंसिपल संजय चौधरी ने केनरा बैंक के मैनेजर धर्मवीर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार चार सालों से विद्यालय को 24000 की स्कॉलरशिप केनरा बैंक प्रदान कर रहा है।

### रक्त की कमी से किसी की जान नहीं जाएगी

**जींद।** सर्व कल्याण मंच जींद द्वारा नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में पानीपत के एसडीएम एचसीएस मनदीप कुमार के 34वें जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संयोजक लक्ष्य शर्मा ने बताया कि आज के रक्तदान कैम्प में एक युवती सहित 34 युवाओं ने रक्तदान किया।

### पदोन्नति पर सुभाष मैहला को दी विदाई पार्टी

**कैथल।** जिला बार एसोसिएशन की ओर से सेशन जज से जस्टिस प्रमोट हुए सुभाष मैहला के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जस्टिस सुभाष मैहला ने की। सबसे पहले बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा, उप प्रधान हेमराज वधवा, सचिव सचिन सिंघल, सहसचिव अमित रोहिला और कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया ने जस्टिस मैहला व अन्य जजों का स्वागत किया।

### नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूक किया

**राजौंद।** अमर पब्लिक स्कूल किठाना में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत बच्चों को जागरूक किया गया। प्रधानाचार्या प्रियंका ने नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में अवगत कराया और कहा कि जो नशे के आदी हो चुके हैं, वह विशेषज्ञों की सलाह लेकर नशे के दलदल से भी बाहर निकल सकते हैं। बच्चों में भी इस विषय को लेकर जागरूकता बहुत आवश्यक है।

### सीपी राधाकृष्णन का अनुभव काम आएगा

**पूंडरी।** भाजपा नेता कृष्ण शर्मा पिलनी ने महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल एन.डी.ए. बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। कृष्ण पिलनी ने कहा कि सी.पी. राधाकृष्णन का राजनीतिक जीवन हमेशा राष्ट्र हित और जनसेवा को समर्पित रहा है।

### गणपति उत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा 28 से

**नरवाना।** श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति द्वारा 10वें गणपति उत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 28 अगस्त से तीन सितंबर तक नरवाना की पुरानी अनाज मंडी में होगा। इस गणपति उत्सव में श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचक छबीले छैल बिहारी जी महाराज श्री धाम वृंदावन वाले अपने मुखारविंद से कथा कहेंगे।

### आधा दर्जन किसानों के ट्यूबवेल की तार चोरी

**कैथल।** हल्का राजौंद के गांव रोहेडा से चोर आधा दर्जन किसानों के खेतों में लगी ट्यूबवेल की तार चुरा कर ले गए। इस संबंध में गांव रोहेड़ा के सुखबीर ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कर 12 अगस्त को चोर उसकी तथा दीपक, नरेश, राजेंद्र, राजवीर तथा सुरेंद्र के खेतों में लगी हजारों रुपए की ट्यूबवेल की तार चुरा ले गए।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश में होंगे नए आयाम स्थापित

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अपनाने में हरियाणा देश का पहला राज्यः राज्यपाल असीम कुमार घोष

राज्यपाल ने सीआरएसयू में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बहु विषयक शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला में की शिरकत।

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा के महामहिम राज्यपाल असीम कुमार घोष ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश में नए आयाम स्थापित होंगे। नई शिक्षा नीति एक नई दिशा दिखाने का कार्य करेगी। हरियाणा ने इसे लागू कर लिया है और इसके सभी आयामो के लक्ष्य को निश्चित तौर पर हासिल करेगा। उच्च शिक्षा में पहुंच, गुणवत्ता, समानता, स्थिरता और भविष्य की तैयारी वे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। जिन पर राज्य सरकार का दृष्टिकोण आधारित है। सेमिनार में आयोजित सत्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिकल्पित, बहुविषयक शिक्षा के विविध पहलुओं पर उच्च गुणवत्तापूर्ण चर्चा हुई। हमारी नई शिक्षा नीति केवल एक दस्तावेज नही है बल्कि भारत के भविष्य के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। हरियाणा देश का पहला राज्य है, जो 2025 के अंत तक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अधिकांश भाग को लागू करने जा रहा है। यह वास्तव में एक प्रशंसनीय उपलब्धि है। महामहिम राज्यपाल असीम कुमार घोष सोमवार को चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बहुविषयक शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के गतिशील नेतृत्व में प्रगति और विकास का पर्याय बन रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एक उभरते हुए राष्ट्र की आकांक्षाएं शामिल हैं। जिसमें युवा अपनी बुद्धि के बलबूते पर 21वीं सदी की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार रहेगा। तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य में, जहां विज्ञान और मानविकी, प्रौद्योगिकी और कला, अनुसंधान और उद्यमिता के बीच की सीमाएं लगातार कमजोर होती जा रही हैं, यह आवश्यक है कि हमारी शिक्षा प्रणाली समग्र विचारकों, नवप्रवर्तकों और समस्या.समाधान कर्ताओं का पोषण करेगी। विषयों का यह सम्मिश्रण रचनात्मकता को प्रेरित करेगा। आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देगा और हमारे छात्रों को अनिश्चित दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक अनुकूलन शीलता विकसित करने में सक्षम बनाएगा।



जींद। महामहिम राज्यपाल को पौधा भेंट करते हुए शिक्षा मंत्री व डिप्टी स्पीकर।




जींद। कार्यशाला को संबोधित करते महामहिम राज्यपाल असीम घोष।



जींद। महामहिम राज्यपाल की पत्नी को स्मृति चिन्ह देते हुए।

### नई शिक्षा नीति हर घर के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखेगीः ढांडा

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकार द्वारा मॉडल स्कूल, स्किल हब और बहुप्रवेशनिकास प्रणाली को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि विद्यार्थियों को लचीला और आधुनिक शिक्षा वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। शिक्षा मंत्री ने सेमिनार में नई शिक्षा नीति पर एक दिवसीय वर्कशॉप में शामिल होकर शिक्षाविदों, प्रोफेसरों व अधिकारियों से संवाद किया और अपने विचार सांझा किए। शिक्षा मंत्री के रूप में मेरा दृढ़ विश्वास है कि नई शिक्षा नीति हर घर के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखेगी। यह नीति विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा, नई तकनीक और कौशल विकास के अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर और सक्षम बनाएगी। यह बदलाव सिर्फ शिक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं रहेगाए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और शिक्षित, सशक्त व आत्मनिर्भर हरियाणा के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति कैम्पस में वास्तिविक रूप से पंहुचे और वर्तमान पीढी में सम्माहित हों। भारत के शिक्षा के क्षेत्र में यह एक क्रांतिकारी परिवर्तन है।

### यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल की धर्मपत्नी मित्रा घोष, डिप्टी स्पीकर डा. कृष्णलाल मिड्ढा, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा के चेयरपर्सन कैलाश चंद्र शर्मा, मुख्यमंत्री के ओएसडी राज नेहरू, सीआरएसयू के कुलगुरू रामपाल सैनी सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरु उपस्थित रहे।

### महान मिशन के लिए समर्पित रहें

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आदर्शों को क्रियान्वित करके वर्ष 2047 तक जब हमारा राष्ट्र स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा, उस समय भारत न केवल एक ज्ञान महाशक्ति होगा बल्कि एक ऐसा राष्ट्र भी होगा जो शिक्षा का उपयोग करके सच्ची समता, समावेशिता और सतत विकास प्राप्त कर रहा होगा। उन्होंने आह्वान किया कि हम स्वयं को इस महान मिशन के लिए समर्पित करें और यह सुनिश्चित करें कि बहुविषयक शिक्षा केवल एक नारा न रहे बल्कि देश भर की प्रत्येक कक्षाए प्रयोगशाला और शिक्षण संस्थान में एक जीवंत वास्तविकता बने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप 2047 तक विकसित भारत का विजन, एक समृद्ध, समावेशी, विश्व स्तर पर सम्मानित भारत इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज जनमानस का कितने प्रभावी ढंग से पोषण करते हैं। शिक्षा ही इस यात्रा की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में लचीला पाठ्यक्रम छात्रों को अपनी गति और तरीके से सीखने की अनुमति देता है। इस महत्वाकांक्षी एजेंडे की सफलता केवल नीतिगत घोषणाओं पर ही नही बल्कि उसे साकार करने के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता शिक्षकों, प्रशासकों, नीति निर्माताओं, उद्योग जगत और समाज पर निर्भर करेगी। हमें शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल बुनियादी ढांचे, अनुसंधान तंत्र के साथ-साथ अपने शिक्षार्थियों में नैतिकता, सहानुभूति और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को स्थापित करना चाहिए।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में अनदेखी पर सेनानी परिवारों के उत्तराधिकारियों ने जताया रोष

- जल्द सीएम से मिल अनदेखी के बारे में करवाएंगे अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

नेहरू पार्क में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के उत्तराधिकारियों की बैठक का आयोजन अशोक मित्तल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि के उपलक्ष में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। अशोक मित्तल ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। नेताजी बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लडऩे के लिए उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका था। जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। भारतवासी उन्हें नेताजी के नाम से संबोधित करते हैं। अशोक मित्तल ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता सेनानी परिवारो की वीरांगनाओं एवं उनकी उत्तराधिकारियों की राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर जो अनदेखी की गई तथा उनको मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम किया है, इस संदर्भ में सभी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष अपनी सारी बातें रखने का विचार-विमर्श किया।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## केएम राजकीय कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम

- शिक्षण संस्थान में अनुशासन व अध्ययन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिल हुए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन आइक्यूएसी के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डा. मीनू सिंह ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में नए सत्र में आने पर उनका स्वागत किया तथा शिक्षण संस्थान में अनुशासन व अध्ययन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद सभी समितियोंए विभागों व प्रकोष्ठों के संयोजकों ने अपने-अपने विभाग की जानकारी दी। मेजर सुरेंद्र कुमार ने महाविद्यालय में संचालित एनसीसी में किस प्रकार भाग लिया जाता है के बारे में बताया। डाण राजवीर नैन ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सिलेबस से संबंधित विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम व टाइम टेबल के बारे में बताया। प्रोफेसर सज्जन कुमार ने अंग्रेजी विभाग के तहत चलने वाले कोर्सों की जानकारी दी। दाखिला नोडल अधिकारी व छात्रवृत्तियों के संयोजक प्रोफेसर मोहित ने दाखिला से संबंधित समस्याओं व एससी, बीसी की छात्रवृत्ति के बारे में विस्तार से बताया। महाविद्यालय की रजिस्ट्रार कीर्ति बेनीवाल ने इंटरनल असेसमेंट से संबंधित जानकारी दी। डा. राजीव चहल ने लीगल लिटरेसी से संबंधित तथा प्रोफेसर मुकेश ने राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित विद्यार्थियों को क्या-क्या लाभ मिलते हैं, उनके बारे में जानकारी दी।



नरवाना। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए वक्ता।

### सोसायटी के कार्यों के बारे में जानकारी दी

युवा कल्याण व सांस्कृतिक विभाग की संयोजिका ऊषा शर्मा ने वर्ष भर चलने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बारे में बताया। प्रोफेसर जगबीर दूहन ने हिंदी विषय एवं महाविद्यालय में संचालित विभिन्न सोसायटी के कार्यों के बारे में जानकारी दी। लाइब्रेरियन जयदीप ने पुस्तकालय में से पुस्तकें निकलवाने के बारे में तथा प्रोफेसर नरेश ने बस पास के बारे में जानकारी दी। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. मीना श्योकंद ने छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए किए जाने वाले कार्यों व प्रतियोगिताओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राजेश श्योकंद ने किया।

## रैगिंग अपराध ही नहीं, अमानवीय कृत्य भीः मलिक

- राजकीय कालेज में एंटी रैगिंग अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

राजकीय पीजी कालेज के मुख्य परिसर में एंटी रैगिंग अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत विद्यार्थियों के लिए एक विशेष डॉक्यूमेंट्री शो का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग जैसी सामाजिक एवं शैक्षिक बुराई से दूर रखना तथा सुरक्षित एवं अनुशासित शैक्षिक वातावरण तैयार करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मालिक ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रैगिंग न केवल एक कानूनी अपराध है बल्कि यह शिक्षा और संस्कृति के खिलाफ अमानवीय कृत्य भी है। प्रत्येक विद्यार्थी को जागरूक रहकर रैगिंग जैसी प्रवृत्तियों का विरोध करना चाहिए। जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि मीडिया और डॉक्यूमेंट्री जैसे माध्यम विद्यार्थियों तक संदेश पहुंचाने का सशक्त जरिया हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र व छात्राओं को यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि रैगिंग किसी भी स्तर पर बर्दाशत नहीं की जाएगी। डॉक्यूमेंट्री शो में विद्यार्थियों को रैगिंग की परिभाषा, इसके दुष्परिणामए कानूनी प्रावधानों एवं इससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि कॉलेज में किसी भी प्रकार की रैगिंग की शिकायत के लिए एंटी रैगिंग हेल्पलाइन और कॉलेज की शिकायत समिति सदैव उपलब्ध रहती है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रतीक चिन्ह अभियान का आयोजन

राजकीय पीजी कालेज में एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत प्रतीक चिन्ह अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के विरुद्ध जागरूकता फैलाना तथा छात्रोंए विशेषकर नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को रैगिंग के हानिकारक प्रभावों एवं इसके विरुद्ध उपलब्ध कानूनी सुरक्षा के बारे में अवगत कराना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए रैगिंग के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हुए रचनात्मक एवं प्रभावशाली प्रतीक चिन्ह तैयार किए।

## ईमानदारी से किए गए कार्य से न केवल सम्मान मिलता है समाज में गौरवशाली पहचान भी स्थापित होती हैः रामकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

विधायक राम ुमार गौतम ने कहा कि इंसान को पद ग्रहण करके और पर पर रहते हुए चौकीदार की तरह काम करना चाहिए। कुछ लोगों की ये गलत धारणा है कि यदि कोई व्यक्ति सरकार में पद ग्रहण करता है तो कुछ कमाने के लिए बना या मालामाल होने के लिए बना है। लेकिन ईमानदारी से कार्य करते हुए इज्जत भी कमाई जाती है। विधायक राम कुमार गौतम हरियाणा सरकार द्वारा मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। समारोह में पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिश शर्मा और जिला महामंत्री युवा मोर्चा युवराज सोनी को सरकार द्वारा मनोनीत पार्षद पद देने पर सत्यनिष्ठा एवं भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा पूर्वक और ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन करने की शपथ दिलाई। विधायक रामकुमार गौतम ने नवनियुक्त पार्षदों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि पार्षद जनता के प्रतिनिधि होते हैं और उन पर जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने की बड़ी जिम्मेदारी होती है।



जींद। विधायक को स्मृति चिन्ह देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



### अब नाबालिक की शादी में शामिल ब्यूटी पार्लर की भी एफआईआर होगीः मीना शर्मा

**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना में बाल अधिकारों को लेकर जागरूकता कैंप का आयोजन हुआ। अध्यक्षता जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुजाता मल्हान ने की। बतौर मुख्य अतिथि राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा पहुंची। शर्मा ने कहा कि आजकल बाल विवाह का प्रचलन प्रकाश में आया है। अब शादी में शामिल जिसकी तस्वीर फोटोग्राफी के माध्यम से होगी यदि शादी बाल विवाह की हुई तो शादी में शामिल लेडिस संगीत वाली महिलाएं, निमंत्रण पर आए कोई भी शुभचिंतक मेहमान या दुल्हन को सजाने वाली ब्यूटी पार्लर संचालिका किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा बल्कि सभी के विरुद्ध एफआईआर होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों में नशे के प्रचलन का चैनल भी स्कूलों से समाप्त करना होगा।

## चिकित्सा अधिकारी प्रतिदिन रात्रि करेंगे कैंपस का निरीक्षण

# इमरजेंसी सेवाओं को बेहतर करने की कवायद

- निरीक्षण को लेकर रोस्टर किया गया तैयार , मिशन निदेशक के आदेशों पर काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल पर से रेफरल का ठप्पा हटाने के लिए धीरे-धीरे स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। रात के समय आने वाले मरीजों तथा रोड साइड एक्सीडेंट के दौरान लोगों की शिकायतें रहती हैं कि उन्हें बेहतर उपचार नही मिलता और रोहतक रेफर कर दिया जाता है। पिछले दिनों मिशन निदेशक ने जब अस्पताल का निरीक्षण किया था तो उनके समक्ष भी यह बात आई थी। जिस पर उन्होंने सीएमओ सहित अन्य चिकित्सा अधिकारियों को रात्रि निरीक्षण के आदेश दिए थे। मिशन निदेशक के आदेशों पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने रात्रि निरीक्षण किया।




जींद। नागरिक अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड। *फोटो : हरिभूमि*

### रात्रि राउंड ड्यूटी रोस्टर तैयार

नागरिक अस्पताल में रात्रि राउंड को लेकर डयूटी रोस्टर तैयार किया गया है। इस रोस्टर के अनुसार डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी इंद्रो, डा. आरएस पूनिया, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी मधुबाला, डा. जेके मान, इंद्रो, डा. कर्मवीर सिंह, राजवंती, डा. सुष्मलता, राजबाला, डा. मंजू बाला, सुनीता कपूर, डा. अरविंद, सुनीता खटकड़, डा. दिनेश गुप्ता, सरोज खन्ना, राजबाला की डयूटी लगाई गई है। यह सभी चिकित्सा अधिकारी व वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी रोस्टर वाइज रात्रि कैंपस जांच करेंगे। इस दौरान जो भी खामी पाई जाती है, उसके बारे में सीएमओ को अवगत करवाया जाएगा।

### जांच की जा रही : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि नागरिक अस्पताल में रात्रि राउंड को लेकर डयूटी रोस्टर तैयार कर जांच की जा रही है। हर रात्रि अलग-अलग चिकित्सा अधिकारी व नर्सिंग स्टाफ जांच कर रहा है। जो भी शिकायत या कोई समस्या आती है तो उसको दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। चिकित्सकों को व्यवहारकुशल और एमरजेंसी की महत्ता को समझने के निदेश दिए गए हैं।